<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं को बांटे पुरस्कार , कहा– ग्रामीण स्तर पर सरकार करायेगी बड़ी खेल प्रतियोगिताएं।
- प्रदेश पुलिस ने राहुल गांधी को संभल जाने से रोका, हिंसा प्रभावित संभल में दस दिसम्बर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर है रोक।
- महाकुंभ के लिए आज से बांटे जाएंगे निमंत्रण पत्र, गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम भी कर रहा है व्यापक तैयारियां।
- प्रदेश में हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, पांच लोग घायल।

**********

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ षष्ठम अखिल भारतीय प्राइज मनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता दो हजार चौबीस के फाइनल मुकाबले में कल उत्तर प्रदेश की टीम ने आंध्र प्रदेश की टीम को बावन के मुकाबले चौवन अंकों से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों टीम को बधाई दी और कहा कि भविष्य में ग्रामीण स्तर पर भी यह प्रतियोगिता कराई जाएगी।

***उत्तर प्रदेश खेल विभाग गांव से लेकर के प्रदेश स्तर तक के प्रत्येक खेल की प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने के लिए अब ग्रामीण लीग खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। हम विधानसभा स्तर पर विधायक खेलकूद प्रतियोगिता को भी प्रोत्साहित करेंगे।***

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। एक दिसम्बर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देश भर से आई बारह टीमों ने हिस्सा लिया।

**********

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का बानबेवां संस्थापक सप्ताह समारोह कल से गोरखपुर में शुरू हो गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसमें हिस्सा लिया। इस मौके पर श्री तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जो काम कर रहा है, वह प्रेरणादायी है। गोरक्षपीठ भक्तियोग के साथ साथ कर्मयोग में भी लीन है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का निर्माण हुआ है।

***आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दुनिया का विश्वास भारत पर इसलिए बढ़ा है क्योंकि भारत अब एक नए भारत के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तेजी के साथ आगे बढ़ा है। दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो उसके अनुरूप अपने आप को तैयार करने का एक जज्बा रखता है।***

इस मौके पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़ीं विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

**********

रामनगरी अयोध्या में आज से चार दिवसीय रामायण मेले का शुभारंभ होगा। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस बीच रामनगरी आने वाले पर्यटकों के लिए एक अच्छी खबर है। यहां आने वाले पर्यटक अब आसमान से अयोध्या का भव्य रूप देख सकेंगे। अयोध्या में कल से हॉट एयर बैलून सेवा की शुरुआत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और मंडलायुक्त गौरव दयाल ने की।

हॉट एयर बैलून सेवा को लेकर पेश है एक रिपोर्ट–

***इस हॉट एयर बैलून के माध्यम से पर्यटक लगभग 250 फीट की ऊंचाई से 10 मिनट तक अयोध्या के सरयू घाट और मठ मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर संयुक्त रूप से हॉट एयर बैलून का संचालन कर रहे हैं। इस बलून के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने होंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमेंएक पायलट भी होगा। अयोध्या से तन्मय सोनी के साथ आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आंदोलन कर रहे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। शासन स्तर के अधिकारियों की यह समिति एक महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति की अध्यक्षता प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर करेंगे।

**********

राज्यसभा में बॉयलर विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया गया । यह बॉयलर अधिनियम उन्नीस सौ तेईस को निरस्त करता है। यह विधेयक सुरक्षा बढ़ाएगा क्योंकि इसमें बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बॉयलर की मरम्मत कुशल लोगों से सुनिश्चित करने के लिए विधेयक में विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बॉयलर विधेयक देश को सुरक्षित बनाने का प्रयास करता है।

**********

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को कल प्रदेश की पुलिस ने संभल जाने से रोक दिया। पुलिस ने उन्हें दिल्ली बार्डर से ही वापस लौटा दिया । रोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि वह एक संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें संभल जाने की इजाजत दी जानी चाहिए।

हिंसा प्रभावित संभल का दौरा करने के प्रयास पर भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। पार्टी प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता राजनीतिक पर्यटन के लिए संभल जाना चाहते हैं।

चौबीस नवम्बर को संभल में हुई आगजनी और हिंसा के बाद से ही वहां जिला प्रशासन ने दस दिसम्बर तक बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया है।

**********

तेरह जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ के लिए आज से निमंत्रण बांटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रदेश के मंत्रियों को देश भर में निमंत्रण बांटने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्रियों के राज्यवार दौरे का कार्यक्रम मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी किया गया है। वहीं महाकुम्भ दो हजार पच्चीस को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और प्रदेश का संस्कृति विभाग मिलकर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

***इस बार महाकुंभ को और भी खास बनाने के लिए देशके दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 25 जनवरी को हमारे राम पर अपनी प्रस्तुति देंगे। तो अभिनेत्री और सांसद हेमामालिनी 26 जनवरी को गंगा अवतरण पर अपनी प्रस्तुति देंगी। 8 फरवरी को अभिनेता और सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे, जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत शो का मंचन करेंगे। इस दौरान देश के जाने माने बैंड भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी सामचार, लखनऊ।***

महाकुंभ में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति के लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने भी व्यापक तैयारियां की हैं। वहां विद्युत आपूर्ति कराने के लिए सभी स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत भी सुनिश्चित किये गये हैं। मेला क्षेत्र के कैम्प में कंड्यूक्ट पाइप लाइन के जरिये वायरिंग कराई जा रही है, ताकि शार्ट सर्किट के कारण होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।

**********

महाकुंभ को लेकर कल प्रयागराज में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेद्वी ने आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार समेत कई अधिकारियों के साथ बैठक की। महाकुंभ को भव्यता और दिव्यता के साथ पूरी दुनिया को दिखाने के बारे में श्री द्विवेदी ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान महाकुंभ संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य अधिकारीगण आज मेला प्राधिकरण क्षेत्र का भी दौरा करेंगे।

**********

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने प्रदेश के श्रावस्ती और बटेश्वर को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की घोषणा की है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए रोजगार के अवसर बढ़ाना और क्षेत्रीय विकास को गति देना है। श्रावस्ती को समृद्ध बनाने के लिए अस्सी करोड़ चौबीस लाख रुपये की लागत से एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास परियोजना प्रारंभ की गई है। वहीं आगरा के पास बटेश्वर को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में उभारने के लिए चौहत्तर करोड़ पांच लाख रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है।

**********

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के भीतर हुए अलग अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गये। महोबा जिले के कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के झांसी मिर्जापुर हाईवे पर सुगिरा गांव के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई जिसमें बारात जा रहे दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गये। वहीं, मैनपुरी जिले के दन्नाहार थानाक्षेत्र में कल शाम आगरा मैनपुरी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**********